भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 636
उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2026
1 श्रावण, 1948 (शक)

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

636 श्री रायगा कृष्णैया:
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कारपोरेट कार्य मंत्रालय के साथ मिलकर, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और उसे आसान बनाने में 'माय भारत' प्लेटफॉर्म की क्या भूमिका है;

(ख) 'माय भारत' प्लेटफॉर्म के माध्यम से पीएमआईएस के अवसरों के लिए रजिस्टर करने वाले युवाओं की राज्य / संघराज्य क्षेत्र - वार संख्या क्या है;

(ग) देश भर में 'माय भारत' द्वारा कितने पीएमआई आउटरीच कैंप और जमीनी स्तर पर सुविधाएं प्रदान करने वाले अभियान आयोजित किए गए हैं और इन कैंपों में कितनी भागीदारी रही है; और

(घ) यह सहयोग किस तरह कुशल और रोजगार - योग्य भारत के विज़न और 'विकसित भारत @2047' के बड़े लक्ष्य को आगे बढ़ाता है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने माय भारत के साथ सहयोग स्थापित किया है तथा जागरूकता सृजन, युवाओं को संगठित करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उसके देशव्यापी डिजिटल मंच तथा व्यापक क्षेत्रीय नेटवर्क का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए माय भारत मंच पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस उद्देश्य के लिए माय भारत पोर्टल पर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना हेतु एक समर्पित स्वयंसेवी अवसर (वीओ) प्रकाशित की गई है, जो देशभर के पात्र युवाओं के लिए उपलब्ध है। यह स्वयंसेवी अवसर योजना से संबंधित जानकारी

उपलब्ध कराती है तथा इच्छुक युवाओं को पंजीकरण एवं आवेदन के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल तक निर्बाध पहुँच प्रदान करती है।

(ख) दिनांक 16.07.2026 की स्थिति के अनुसार, माय भारत पोर्टल पर प्रकाशित पीएमआईएस के स्वयंसेवी अवसर के माध्यम से कुल 98,632 युवाओं को आवेदन के पंजीकरण हेतु पीएमआईएस पोर्टल पर अग्रेषित किया गया है। इसका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) दिनांक16.07.2026 की स्थिति के अनुसार, माय भारत के सहयोग से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत युवाओं को सहभागी कंपनियों एवं संगठनों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे इंटर्नशिप अवसरों से जोड़ने के लिए तीन आउटरीच एवं इंटर्नशिप शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों के माध्यम से अभ्यर्थियों और कंपनियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ, जिससे युवाओं को उपलब्ध इंटर्नशिप भूमिकाओं की जानकारी प्राप्त हुई, उद्योग की अपेक्षाओं को समझने का अवसर मिला तथा आवेदन संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने में सुविधा प्राप्त हुई। उपर्युक्त शिविरों में सहभागिता का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	स्थान	प्रतिभागी युवाओं की संख्या
1	चेन्नई (तमिलनाडु)	600+
2	पुणे (महाराष्ट्र)	90
3	दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)	800+

(घ) माय भारत तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के बीच यह सहयोग युवाओं को आउटरीच एवं लामबंदी के प्रयासों से समर्थित एक देशव्यापी डिजिटल मंच के माध्यम से उद्योगों में उपलब्ध इंटर्नशिप अवसरों तक पहुँच प्रदान करके कुशल एवं रोजगार पर रखे जाने योग्य भारत के विजन को आगे बढ़ाता है। यह सहयोग योजना के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करने, इंटर्नशिप के अवसरों तक युवाओं की पहुँच का विस्तार करने तथा युवाओं, उद्योग और सरकारी पहलों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने में सहायक है। ये प्रयास युवाओं की रोजगारयोग्यता को बढ़ाने में योगदान देते हैं तथा भारत के युवाओं को कुशल, भविष्य के लिए तैयार एवं राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बनाकर विकसित भारत @2047 के व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होते हैं।

******

अनुबंध-I

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के संबंध डॉ. अनिल सुखदेवराव बोंडे द्वारा दिनांक 23.07.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 636 के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध।

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	पीएमआईएस वीओ द्वारा युवाओं की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	58
आंध्र प्रदेश	8,475
अरुणांचल प्रदेश	137
असम	3,075
बिहार	4,418
चंडीगढ़	349
छत्तीसगढ़	2,664
दिल्ली	4,911
गोवा	258
गुजरात	3,351
हरियाणा	3,813
हिमाचल प्रदेश	915
जम्मू और कश्मीर	2,139
झारखंड	1,527
कर्नाटक	3,306
केरल	2,680
लद्दाख	66
लक्षद्वीप	5
मध्य प्रदेश	5,034
महाराष्ट्र	10,213
मणिपुर	113
मेघालय	240
मिजोरम	55
नागालैंड	179
ओडिशा	1,975

पुदुच्चेरी	224
पंजाब	1,792
राजस्थान	4,988
सिक्किम	125
तमिलनाडु	7,125
तेलंगाना	4,729
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	131
त्रिपुरा	623
उत्तर प्रदेश	10,838
उत्तराखंड	1,584
पश्चिम बंगाल	5,093
युवाओं द्वारा राज्य का उल्लेख नहीं किया गया	1,424
कुल	**98,632**

*****